| हिंदी युवकभारती | | |
|---|---|---|
| समय : ३ घंटे | मार्च - २००८ | कुल अंक : ८० |

**प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर २०० से २५० शब्दों में निबंध लिखिए :** **(१०)**

(१) विज्ञान और मानव कल्याण ।
(२) परेशान हूँ इस महँगाई से ।
(३) यदि समाचार पत्र न होते ....
(४) दहेज पीड़ित नारी की आत्मकथा
(५) कल करे सो आज कर ।

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग १०० शब्दों में लिखिए :** **(६)**

(१) सरदार शिवसिंह की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।
(२) लकड़हारे की कथा के माध्यम से लेखिका ने अपने किस दर्द की ओर संकेत किया है ?
(३) नागफनी के प्रतीकार्थ को लेखक ने कैसे समझाया है ?

**प्रश्न ३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग ६० शब्दों में लिखिए :** **(८)**

(१) छाता मनुष्य जाति का उपकारकर्ता कैसे है ?
(२) डॉ. बिपिन निरुपमा की मदद क्यों नहीं कर सका ?
(३) दर्शनसिंह ने जिंदा बालक को रावी नदी में क्यों फेंक दिया ?
(४) 'हत्यारा' कहानी में लेखक ने पुणे-मुंबई टॅक्सी मुसाफिर की कौन-सी आम बातें बताई हैं ?

**प्रश्न ४. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए :** **(५)**

(१) प्रेम, निंदा, ठगी और त्याग के संदर्भ में कबीर ने क्या कहा है ?
(२) 'एकता' कविता में कवि मैथिलीशरण गुप्त ने एकता की महत्ता को किस प्रकार स्पष्ट किया है ?
(३) 'चाँद से थोड़ी सी गप्पें' कविता में कवि ने कल्पना- सौंदर्य को कैसे स्पष्ट किया है ?

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक उत्तर लगभग ५० शब्दों में हो:** **(९)**

(१) मीराँ के दर्द को किन उदाहरणों द्वारा जाना जा सकता है?
(२) कवि हृदय की ग्रंथि खोलने का आवाह्न क्यों करता है?
(३) समय की महत्ता को 'भोर हो गई' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।
(४) 'बसंत की रात' कविता में कवि ने चाँदनी रात का वर्णन किस प्रकार किया है?
(५) दाँत की तुलना में जबान कैसे घाव करती है?

**प्रश्न ६. (च) निम्नलिखित अवतरण का संदर्भसहित स्पष्टीकरण कीजिए :** **(४)**

''यह देखिए आजकल के बेकार जेंटलमैन । कोई काम न मिला तो यही व्यवसाय अपना लिया । दिन दहाड़े डाका डाल रहे हैं ।''

**अथवा**

''बेचारे अन्न के दाने को तरस कर मर गए । अब उनकी मिट्टी की यह दुर्दशा ।''

**(छ) निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भसहित स्पष्टीकरण कीजिए:** **(४)**

''एक लोहा पूजा में राखत, इक घर बधिक परौ ।
सो दुविधा पारस नहिं जानत, कंचन करत खरौं ।''

**अथवा**

"हम आँधी को, तूफानों को सहते हैं
फिर भी नफरत की नदियों में बहते हैं ।
जग अमृत पीकर अमर रहे इस खातिर
हम सदा कंठ में गरल लिए रहते हैं ।''

**(ज) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक वाक्य में लिखिए :** (४)

(१) अनाज का भाव बढ़ने से कलकत्ते की ओर कौन-कौन दौड़ पड़े ?

(२) पर्वत हमारी संस्कृति के क्या हैं ?

(३) प्रोफेसर आनंद को थप्पड़ किसने मारा ?

(४) चाची का बड़ा बेटा दहेज से प्राप्त रुपए कौन-सा बहाना बनाकर ले गया ?

(५) ताप्ती किस पहाड़ी से निकलती है ?

**प्रश्न ७. (क) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ६० शब्दों में लिखिए :** (४)

(१) देव ने खादी पहनना क्यों पसंद किया?

(२) महात्मा गांधी ने रामकुमार वर्मा को क्या सबक दिया?

(३) बडे लडके की मृत्यु पर रामदास की क्या प्रतिक्रिया रही?

**(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए । प्रत्येक उत्तर लगभग ५० शब्दों में हो:** (६)

(१) घीसा की गुरुभक्ति ।

(२) खितीन बाबू की चरित्रगत विशेषताएँ ।

(३) राष्ट्रभाषा के संबंध में महादेवी जी के विचार ।

(४) शांति-निकेतन में गांधीजी और रवींद्रनाथ ।

**प्रश्न ८. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों के रचना के अनुसार भेद पहचान कर लिखिए :** (२)

(१) निर्बल आत्माओं में सच्चाई का प्रकाश जुगनू की चमक है।

(२) जैसा वह आवारा है; वैसे ही उसके दोस्त हैं ।

(३) रुपए की कीमत गिर रही थी और चीजों की बढ रही थी ।

**(आ) कोष्ठक की सूचना के अनुसार किन्हीं दो वाक्यों का काल-परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए:** (२)

(१) चाची क्रोध का लावा उगलते हुए तैश में बोल रही है। (*अपूर्ण भूतकाल में बदलिए ।*)

(२) यह हत्या किस पर पडती है । (*सामान्य भविष्यकाल में बदलिए ।*)

(३) बीमारी फैलती जा रही है । (*पूर्ण वर्तमानकाल में बदलिए ।*)

**(इ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** (२)

(१) दूध का कर्ज चुकाना । (२) छाती फट जाना । (३) दंग रह जाना । (४) नाक में दम आना ।

**(ई) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का भाववाचक संज्ञारूप लिखिए:** (१)

(१) जवान (२) सुंदर

**निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण रूप लिखिए:** (१)

(१) पाखंड (२) क्रांति

**(उ) निम्नलिखित में से कोई दो वाक्य शुद्ध कर फिर से लिखिए :** (२)

(१) शिवालय में हर घडी बडी पवित्र-सी शांति छाया रहता ।

(२) उसके देह पर बिना किनारे की सफेद साडी थी ।

(३) प्रचिन खानदेश का सत्ताकेंद्र बुरहानपुर रहा है ।

**प्रश्न ९. निम्नलिखित परिच्छेद पढकर उस पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :** (५)

मानव एक सामाजिक प्राणी है । अत:समाज में रहकर ही वह अपने व्यक्तित्व की सर्वतोमुखी उन्नति कर सकता है । मानव समाज की इकाई है, इसलिए उसके मंगल कृत्य समाज के ऊपर नहीं हैं । एक आदर्श नागरिक हमेशा परोपकार करने के लिए उद्यत रहता है । उसे किसी दूसरे व्यक्ति का हित करने के लिए कहने की आवश्यकता नहीं पडती । जब भी कोई ऐसी स्थिती उत्पन्न हो जाती है कि उसका समाज संकटों से घिर जाता है, तो वह अपने निजी मंगल की बात को विस्मृत कर अपने समाज के वास्ते अपना सब कुछ समर्पित करने को तैयार हो जाता है । सामाजिक प्रगति एवं विकास के लिए यह अत्यावश्यक और अनिवार्य है की मनुष्य निजी स्वार्थ को सर्वथा भूल जाए तथा अपने समाज की सेवा एवं मंगल कार्य में प्रवृत्त हो जाए । असहायों और दीन निर्धनों के प्रति करुणा की भावना, दु:खी लोगों के प्रति सहानुभूती का भाव, सहयोग और कर्तव्य-पालन का आचरण ये सब गुण और विशेषताएँ एक आदर्श नागरिक के महत्व को व्यक्त करती है ।

**प्रश्न :** (१) मनुष्य अपने व्यक्तित्व की उन्नति कैसे कर सकता है? (२)

(२) कौन से गुण मनुष्य के महत्व को व्यक्त करते हैं? (२)

(३) उपर्युक्त परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए । (१)

**अथवा**

उपर्युक्त परिच्छेद का एक तिहाई (१/३) शब्दों में सार लिखिए तथा उचित शीर्षक दीजिए । (५)

**प्रश्न १०. निम्नलिखित पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए ।** (५)

अमित / अमिता त्रिपाठी, २२, गांधी नगर, नासिक से प्राचार्य, आदर्श कनिष्ठ महाविद्यालय, नासिक, को सात दिनों की छुट्टी हेतु प्रार्थना-पत्र लिखता / लिखती है ।

**अथवा**

मनीष / मनीषा सावंत, १६०, शिवाजी नगर, पंढरपुर से संपादक, दैनिक 'मराठा', वकील पेठ, पंढरपुर, को इस दैनिक्र की एजेंसी प्राप्त करने हेतु पत्र लिखता / लिखती है ।

❖ ❖ ❖